हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 मई 2024

06 नगर निगम अमले ने मीठा तालाब किनारे से हटाया...



07 100 साल पुराने पुल के लिए नपा ने बनाया प्लान...





### कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कृषि एवं कृषि से जुड़े विभागों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# खरीफ सीजन में किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिलें और उर्वरकों का अग्रिम उठाव कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिले के किसानों के लिए आगामी खरीफ सीजन में उच्च गुणवत्ता के बीज सुलभता से उपलब्ध हो, उर्वरकों का अग्रिम उठाव भी किसानों से करवाया जाए ताकि उन्हें सीजन के दौरान समस्या नहीं हो। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कृषि एवं कृषि से जुड़े विभागों की बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने कृषि एवं कृषि संबंधित उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता एवं सांची सहकारी दुग्ध समिति की विभागीय योजनाओ की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति एवं जिले की आधारभूत जानकारी को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में आदानों के गुण नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखा जाए। किसानों के पास कृषि आदान पूरी गुणवत्ता वाले ही पहुंचे, किसानों को सोयाबीन, मक्का, उड़द की नवीन किस्मो के बीज कृषि विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराये जाये। किसानों को इस बार सोयाबीन की बुवाई रेज्ड-बेड पद्धति एवं ब्राड-बेड फ़ारो पद्धति से कराया जाये, इसके लिये विभाग लक्ष्य निर्धारित करें। किसानों के मिट्टी के नमूनो का परीक्षण कराये व मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरक व पौषक तत्वों का उपयोग कराएं।



### 'किसानों की होने वाली समस्या को दूर करें'

कलेक्टर सिंह में उपसंचालक उद्यानिकी को जिले में कोल्ड स्टोरेज के प्रस्ताव बनवाने एवं अधिक से अधिक प्याज भंडारण केंद्र निर्मित करवाने के निर्देश दिये। पशु चिकित्सा विभाग को गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कराने एवं सुव्यवस्थित संचालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि उपार्जन किये गये गेहूं की राशि के लिये किसानों को परेशान न होना पडे, सभी किसानों का समय में भुगतान करवाए। जिन किसानों के भुगतान में कोई दिक्कत आ रही है,उनकी समस्या दूर करते हुए भुगतान करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर,उप संचालक कृषि विजय चौरसिया,उप संचालक उद्यानिकी सुरेश राठौर ,उप संचालक पशुपालन, सहकारिता एवं सांची सहकारी दुग्ध समिति के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि ऋण चुकाने की अवधि बढ़ाई

## उपार्जन की राशि में विलंब के कारण किसान हित में लिया निर्णय




नलखेड़ा। प्रदेश के सहकारी बैंकों से अल्पावधि कृषि ऋण लेने वाले किसानों को इसे चुकाने के लिए सरकार ने ऋण चुकाने की अवधि को एक बार फिर बढ़ाकर 31 मई कर दिया है। इसका कारण यह है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के बाद अभी राशि प्राप्त नहीं हुई है। वहीं, उपार्जन भी चल रहा है, इसलिए भुगतान की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। प्रदेश में किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के माध्यम से सरकार बिना ब्याज के फसल ऋण उपलब्ध कराती है। 2023 की खरीफ फसल के लिए लिया गया ऋण 28 मार्च 2024 तक चुकाना था, लेकिन इस अवधि को बढ़ाकर सरकार ने 30 अप्रैल कर दिया था। इस बीच मौसम खराब होने से उपार्जन का कार्य प्रभावित हुआ और तकनीकी कारणों से किसानों का उपज के भुगतान में भी विलंब हुआ। इसे देखते सरकार ने निर्णय लिया है कि केवल ऐसे किसान, जिनके द्वारा भुगतान की निर्धारित तिथि 30 अप्रैल 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपनी उपज जैसे गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है और उन्हें भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है, वे 31 मई तक भुगतान कर सकते हैं। साथ ही उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उपज विक्रय करने वाले बाकी किसान भी इस दायरे में आएंगे। इस सुविधा का लाभ केवल उपार्जन से संबंधित किसानों को ही मिलेगा।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 31 मई तक की जाएगी

जिले में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 31 मई तक की जाएगी। विपणन सहकारी सांख संस्था के प्रबंधक मोहन सिंह यादव ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा 17 मई को पत्र जारी कर बताया गया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय से शेष रहे कृषकों को समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत गेहूं विक्रय का अवसर प्रदान करने हेतु उपार्जन की अवधि 31 मई तक बढ़ाई जाती है। यादव द्वारा पंजीकृत किसानों से अनुरोध किया कि गेहूं विक्रय की अंतिम तिथि से पूर्व अपना स्लॉट बुक कराकर नजदीकी उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज को विक्रय करें।

## शासन स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज एवं नवरत्न परिवार द्वारा शासन स्थापना दिवस पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया जाएगा। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्री संघ एवं मालवा महासंघ, नवरत्न परिवार नलखेड़ा के तत्वावधान में रविवार को शासन स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

नवरत्न परिवार द्वारा प्रातः 8 बजे जिन मंदिर जी में शासन ध्वजारोहण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा द्वारा किया जाएगा। दादावाड़ी मे प्रातः 8:30 बजे ध्वजरोहण अध्यक्ष जयंत धूपिया द्वारा किया जाएगा। सामूहिक सामयिक प्रातः 9:30 से 10:30 बजे जैन उपाश्रय जी मे रखी गई है जिसमें बड़ी संख्या महिलाओ एवं समाज जनों द्वारा भाग लिया जाएगा। शासन स्थापना दिवस पर श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी में परमात्मा की आरती और भक्ति का कार्यक्रम शाम 7 बजे रखा गया है। शासन स्थापना दिवस पर समाज जनों द्वारा भी अपने-अपने घरों पर धर्म ध्वज फहराया जाएगा।



### सात दिवसीय मां बगलामुखी शिव महापुराण कथा 21 से

नलखेड़ा। 21 मई से नगर में सात दिवसीय संगीतमयी मां बगलामुखी शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक महेश गुरु के मुखारविंद से होगा। व्यास परिवार द्वारा स्थानीय श्रीनाथ धाम मंदिर परिसर में 21 से 27 मई तक सात दिवसीय संगीतमयी मां बगलामुखी शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन महेश गुरु उज्जैन के मुखारविंद से होगा। कथा प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक होगी। कथा प्रारंभ होने के पूर्व 21 मई को दोपहर 3 बजे से श्रीनाथ धाम मंदिर से एक कलश यात्रा नगर में निकाली जावेगी जो प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः श्रीनाथ धाम पहुंचेगी जहाँ व्यासपीठ की पूजा उपरांत कथा प्रारम्भ होगी।

## शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पेयजल व्यवस्था में अत्यधिक समस्या हो रही है वहां अन्य स्थानों से उपलब्ध करवाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में जिन स्थानों पर पेयजल की अत्यधिक समस्या हो रही है, वहां अन्य स्थानों से जल की आपूर्ति करवाई जाए, ऐसे क्षेत्रों में टैंकर आदि के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकाय के सीएमओ एवं जनपद सीईओ तथा पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रहे, कहीं भी पेयजल समस्या होने की जानकारी संज्ञान में आने पर तत्काल अधिकारी क्षेत्र का दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत होकर, वहां की समस्या को दूर करवाए। पीएचई विभाग खराब हैंड पंप को तत्काल दुरुस्त करवाए तथा सभी जगह की नल जल योजना चालू रखे , जिससे कि पेयजल की आपूर्ति बनी रहे तथा किसी तरह का पेयजल संकट नहीं गहराये। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत के सभी कॉलोनाइजर एवं विद्यालयों के प्राचार्य की बैठक लेकर उन्हें रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर बारिश के पानी से जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने के लिए निर्देशित करें तथा कुएं, बावड़ियों भूजल संवर्धन के लिए चिन्हित किया जाए।

उन्होंने महाप्रबंधक जल निगम को जल समूह योजना अंतर्गत सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कर ग्रामीणों को पेयजल प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, पीओ डूडा पवनफुलफकीर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी केएस खत्री, जल निगम के ज्ञानेश्वर उपाध्याय सहित सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर परिषद सीएमओ उपस्थित रहे।





## सिद्धपीठ पर प्रशासन नहीं रोक पा रहा भिक्षावृत्ति

नलखेड़ा। शांति समिति की बैठक में निर्णय होने, कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी प्रशासन मां बगलामुखी मंदिर पर बाल भिक्षावृत्ति एवं भिक्षावृत्ति को नहीं रोक पा रहा है, जोकि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह है। मां बगलामुखी मंदिर के बाहर विगत कई माह से बाल भिक्षावृत्ति एवं भिक्षावृत्ति जारी है जोकि गैर कानूनी है। इस रोकने के लिए चैत्र नवरात्रि पर्व के पूर्व हुई शांति समिति की बैठक में निर्णय भी लिया गया था। जिसमें इन्हें मंदिर परिसर से खदेड़ने के साथ ही इनके द्वारा नगर के पीलवास रोड व भैसोदा मार्ग पर गाड़ रखे तंबू हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय के बाद प्रशासन द्वारा ना तो इन्हें मंदिर परिसर से हटाया गया और ना ही इनके तंबू हटाये गए। नवरात्रि पर्व के दौरान भी ये प्रशासन की नाक के नीचे पार्किंग स्थल से मंदिर आहते के मध्य भिक्षावृत्ति करते रहे। नवरात्रि पर्व के बाद पुनः बाल भिक्षु व अन्य भिक्षु मंदिर के बाहर बने डोम, मंदिर के समीप स्थित पार्किंग स्थल पर भिक्षावृत्ति प्रारंभ कर चुके हैं। यहा तक की बाल भिक्षु दर्शनार्थियों के पीछे मंदिर के मुख्य द्वार तक पहुंच रहे हैं और मंदिर से बाहर निकलने वाले दर्शनार्थियों के पीछे उनके वाहन तक जा रहे हैं। अन्य भिक्षु डोम की सीढ़ियों पर बैठकर आते जाते दर्शनार्थियों से भीख मांगने का कार्य कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भीख मांगने के दौरान कई हादसे भी हो चुके हैं। कई दर्शनार्थियों के मोबाइल इन्हें भगाने में फूट चुके हैं जबकि वाहनों के पीछे भागने के चक्कर मे इनके साथ कई बार दुर्घटनाएं होते होते बची है। मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी जो मंदिर पर तैनात रहते हैं वे यदि इन्हें भगाते हैं तो ये भिखारी उनसे झगड़ा तक कर लेते हैं। गौरतलब है कि भिक्षावृत्ति एवं बाल भिक्षावृत्ति भारत में गैर कानूनी है बावजूद इसके मां बगलामुखी मंदिर जैसे स्थान पर जहां प्रतिदिन देशभर से दर्शनार्थियों के साथ ही कई बड़े नेता, प्रशासनिक अधिकारी आदि आते रहते हैं। ऐसे में वे भिक्षावृत्ति को लेकर यहाँ के प्रति गलत भावनाएं लेकर ही जाते होंगे। प्रशासन को तत्काल मंदिर पर हो रही बाल भिक्षावृत्ति एवं भिक्षावृत्ति को बंद करवाना चाहिए।





## एडवोकेट जैन व शर्मा केंद्रीय नोटरी पद पर हुए नियुक्त

### मित्रों और परिजनों ने दी शुभकामनाएं



नलखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अनिल जैन एडवोकेट एवं अरविंद शर्मा एडवोकेट का भारत सरकार के विधि मंत्रालय के द्वारा केंद्रीय नोटरी पद पर चयन किया गया। अभिभाषक जैन एवं शर्मा को केंद्रीय नोटरी बनाए जाने पर सभी अभिभाषक गणों के साथ इष्ट मित्रों, परिवार जनों द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन 21 मई को

आगर-मालवा। भूतपूर्व सैनिक, उनकी विधवाओं एवं अश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए भूतपूर्व सैनिक मासिक सम्मेलन 21 मई को प्रातः 11 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कोठी पैलेस उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। कमाण्डर नगेशचन्द्र मालवीय सेवानिवृत्त ने जिले के भूतपूर्व सैनिक, उनके विधवाओं एवं आश्रितों से मासिक सैनिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जैव विविधता के महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल की अध्यक्षता में जैव विविधता का महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित हुए। डॉ. मेवाड़ा ने अपने किए गए शोध के माध्यम से बताया कि उनके द्वारा 22 प्रजाति के अंडे, 221 पक्षियों के पंख एकत्रित किए। जिन मच्छरों से मलेरिया बीमारी होती है और उन मच्छरों के विनाश के लिए जलाशय में छोड़ी जाने वाले मछलियों की जानकारी दी एवं विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों के बीज एकत्रित कर उनको बारिश के समय लगाया जाएं इस कार्य हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह गुजराती द्वारा किया तथा आभार डॉ निधी सिंह ने माना। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र चावरे, डॉ गोपाल कुरील, महेश कुमार गोयल सहित स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लखुंदर नदी पर निर्मित स्टॉप डेम में पानी में काई जमी, गंदगी भरी पड़ी


## नदी के पानी से उठ रही बदबू से सिद्धपीठ पर दर्शनार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर निर्मित स्टॉप डेम में भरा हुआ पानी भयंकर बदबू मार रहा है। यह बदबू हवा के साथ मां बगलामुखी मंदिर तक पहुंच रही है जिसके कारण यहां पहुंचने वाले दर्शनार्थी भी परेशान हैं। प्रशासन को तत्काल कदम उठाते हुए इस बदबू से छुटकारा दिलवाना चाहिए। लखुंदर नदी में एवं घाटों के किनारे पर व्याप्त गंदगी व उससे उठ रही बदबू को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट किया था। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा आज तक इस ओर ध्यान नही दिया है।

इसी के चलते वर्तमान में हालात बद से बदतर हो गए हैं। स्टॉप डेम में भरे हुए पानी पर काई जमी हुई है वही कचरा व गंदगी जम चुकी है। जिसके कारण पानी से भयंकर बदबू उठ रही है। यह बदबू हवा के साथ मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंच रही है। जिसके कारण सम्पूर्ण मंदिर परिसर में बदबू फैल रही है। ऐसे बदबू से भरे वातावरण में दर्शनार्थियों को कुछ पल रुकना भी दुश्वार हो रहा है। दर्शनार्थी जैसे तैसे दर्शन कर जल्द से जल्द मंदिर से बाहर निकल रहे है। बदबू भरा यह वातावरण मंदिर परिसर में हर समय उपस्थित रहने वाले पुजारी, कर्मकांडी पंडितों, मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डाल सकता है।

**कुछ दिनों पूर्व नदी में आया था पानी:** बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व नदी के उद्गम स्थल की ओर से पानी आया था। यह पानी किसी स्टॉप डेम से ही छोड़ा गया था। नदी में पानी आने के बाद से ही यह बदबू उठ रही है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि जहाँ से यह पानी छोड़ा गया है वहाँ भी बदबू मार रहा होगा इसलिए इसे वहाँ से बहा दिया गया होगा। जिम्मेदारों को इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर नदी के पानी से उठने वाली बदबू को किसी भी प्रकार समाप्त किया जाना चाहिए अन्यथा इससे कभी भी कोई महामारी फैल सकती है।





## खबर संक्षेप

### पेंशनर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की हुई बैठक

**देवास।** स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर उद्यान में पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला एवं तहसील देवास की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. देवीशंकर तिवारी ने की। अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम.एल.मालवीय देवड़ा तथा पूर्व जिलाध्यक्ष फूलसिंह नागर उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में सोनकच्छ तहसील शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार भावसार तथा शंकरलाल शर्मा, हाटपीपल्या तहसील अध्यक्ष बालकृष्ण मोदी तथा रतनलाल सोनी उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला सचिव अरविंद शर्मा ने किया। जिला कोषाध्यक्ष अशोक चौहान ने विगत वर्ष का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जिसे सर्वानुमति से पारित किया गया। पत्रिका के प्रकाशन के लिए रचनाएं देने का अंतिम था, अभी तक प्राप्त सभी रचनाओं को संकलित कर प्रधान संपादक राजकुमार चंदन को सौंप दिया जाएगा। पत्रिका के प्रकाशन के लिए यह तय किया गया कि जिन लोगों की रचनाएं प्रकाशित हो रही है उनसे सहयोग राशि ली जाएगी तथा जिला एवं तहसील शाखाओं की कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम, पद व छायाचित्र प्रकाशित कर उनसे भी सहयोग राशि ली जाएगी। अन्य विद्यालयों एवं संस्थाओं से भी सहयोग राशि प्राप्त की जाएगी। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि देवास तहसील तथा देवास जिले की केशबुक संयुक्त रूप से संधारित की जाएगी।

### सुरक्षा के लिए तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में पुलिसबल रहा मौजूद

# नगर निगम अमले ने मीठा तालाब किनारे से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**नगर निगम ने जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया अतिक्रमण। लोगों ने कच्चा-पक्का निर्माण कर किया था अतिक्रमण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

नगर निगम की टीम ने आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन में शनिवार को मीठा तालाब के आसपास से अस्थायी अतिक्रमण हटाया। यहां कुछ स्थानों पर वर्षों से अतिक्रमण था। लोगों ने ओटले बना लिए थे और फेंसिंग कर ली थी, जिसे नगर निगम ने जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया। नगर निगम सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया, कि मीठा तालाब क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाना है। यहां पाथ-वे का निर्माण किया जाना है।

इसके साथ ही अन्य कार्य भी किए जाएंगे। निर्माण कार्य में अस्थायी अतिक्रमण बाधक बन रहे थे, जिन्हें नगर निगम की टीम ने प्रशासन के सहयोग से हटाया। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी सहित अन्य साधनों का उपयोग किया गया। दरअसल शनिवार को नगर निगम अमले द्वारा स्थानीय मीठा तालाब किनारे स्थित एक धर्मस्थल के आसपास से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। लंबे समय से यहां कुछ लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण अवैध रुप से कर रखा था। शनिवार को प्रशासनिक टीम व नगर निगम अमले द्वारा यहां संयुक्त रुप से अस्थाई अतिक्रमण पर जेसीबी चलवा कर साफ कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसबल भी मौजूद था। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने ओटले बना लिए थे और फेंसिंग कर ली थी, जिसे नगर निगम ने जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया।नगर निगम सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया,





कि मीठा तालाब क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाना है। यहां पाथ-वे का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही अन्य कार्य भी किए जाएंगे। निर्माण कार्य में अस्थायी अतिक्रमण बाधक बन रहे थे, जिन्हें नगर निगम की टीम ने प्रशासन के सहयोग से हटाया। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी सहित अन्य साधनों का उपयोग किया गया। कार्रवाई में तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार रवि शर्मा, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसौदिया, उपयंत्री श्यामसुंदर रघुवंशी, प्रतीक शर्मा, दरोगा अबरार पठान एवं उनकी टीम साथ रही।

# किसान संघ ने कलेक्टर से की खनिज विभाग की शिकायत

**प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात**



**देवास।** प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मिलकर की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर भारतमाला के अंतर्गत बन रहे इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग के श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को लाभ पहुंचाने के लिए खनिज विभाग देवास ने नियम विरुद्ध ग्राम पंचायत पोलाय विकास खण्ड बागली द्वारा बनाए गए अमृत सरोवर और वाटिका की भूमि को मिट्टी मुरम के लिए नियमों को ताक में रखते हुए खदान आवंटित कर दी गई, जिसकी शिकायत कलेक्टर से की गई।

साथ ही मोखा पिपलिया में इसी मार्ग निर्माण में खेत पर जाने के रास्ते में अंडरपास बनाया जा रहा है जिसकी चौड़ाई बहुत कम ली जा रही है। इसमें से होकर किसान अपने खेतों पर कृषि यंत्र नही ले जा पाएंगे इसकी ऊंचाई और चौड़ाई बढ़ाने की मांग की गई। जिले में बने सभी तालाबों की ऊपरी उपजाऊ मिट्टी को खेतों में डालने की अनुमति किसानों देने की मांग भी की गई। पिछले वर्ष कालीसिंध नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा मोखा पिपलिया और सामग्री मेल घाट पर करोड़ों रुपए की लागत से बैराज निर्माण हुआ था। घटिया निर्माण के चलते बैराज के गेट ही नहीं लग पाए जिससे पानी नहीं रुक पाया इसी प्रकार सामग्री मेल घाट पर बने बैराज के गेट भी बड़ी मुश्किल लगे और इसमें भी पानी निकलता रहा साथ ही घटिया निर्माण के कारण सीमेंट कंक्रीट की दीवारों में से पानी लीकेज होता रहा। दोनो बेराज को समय रहते दुरस्त कराने की मांग की गई। कलेक्टर ने जांच करवा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष हुकुम पटेल, जिला मंत्री शेखर पटेल, युवा किसान वाहिनी संयोजक राकेश जाट, उदयनगर तहसील अध्यक्ष कैलाश शर्मा,केशर सिंह हम्मड़, ईश्वरलाल पटेल, शंकर दास वैष्णव, ओम पटेल, रवि यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जल संकटः पानी की समस्या से त्रस्त बालगढ़ वासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



वार्ड क्रं. 43 में स्थित कॉलोनी गणेशपुरी, हाउसिंग बोर्ड, नई आबादी, मिल रोड, मल्टी आदि अन्य कालोनियों के रहवासी इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान है। वार्ड में सप्ताह में दो बार भी नलों से पानी नही आता। वार्ड पार्षद दीपक राजा अकोदिया ने बताया कि बालगढ की जनता पानी की समस्या से परेशान है। वही निगम गहरी निंद में सोया है। जनता त्रस्त है और अधिकारी मस्त है। आचार संहिता का बहाना बनाकर वार्डवासियों को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। पार्षद का कहना है कि जब निगम अधिकारियों से पानी की समस्या के संबंध में चर्चा करते है तो कई बहाने बनाते हुए कहते है कि टंकी में पानी नही है, क्षिप्रा डेम का लेवल कम है आदि कई बाते कहते है। नलो से पानी आता भी है तो स्पीड काफी कम होती है। वार्डवासियों को समय पर पीने तक का पानी नसीब नही हो रहा है। पार्षद अकोदिया ने बताया कि वार्डवासी मेरे पास पानी की समस्या लेकर आते है तो मैं निगम अधिकारियों से चर्चा करता हूँ। लेकिन निगम अधिकारियों की बेबसी के कारण में वार्ड में पानी उपलब्ध नही करा पा रहा हूँ। मुझे वार्ड की जनता ने चुना है और उनकी हर समस्या का निराकरण करना मेरा परम कर्तव्य है। निगम अधिकारियों के ढिले रवैय्ये के कारण वार्डवासी मुझे कोसते हैं। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण नही होता है तो वे वार्डवासियों के साथ निगम का घेराव करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

# श्रीकृष्ण जन्म पर थिरके श्रद्धालु, भक्ति और भजन की कोई उम्र नहींः कथावाचक पं. केशवरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के 8 वें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। यह विचार निम्बालकर परिवार द्वारा पटवर्धन मार्ग, मोती बंगला में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के चतुर्थ दिवस पं. ओमप्रकाश केशवरे ने व्यासपीठ से कहें।

उमेश निम्बालकर ने बताया कि कथा में जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। टॉफिया और फूलों की पंखुडिया उडाई गई। पाण्डाल रंग-बिरंगे फूलों व गुब्बारों से सजाया गया। बाल कृष्ण का आकर्षक रूप धारण कर नन्हे बालक को जैसे ही वसुदेवजी टोकरी में लेकर आए, भक्तों उत्साह से जयकारे लगाकर उत्सव मनाया। महाराज श्री ने आगे कहा कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। यह तिथि उसी शुभ घड़ी की याद दिलाती है और सम्पूर्ण देश में बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। रामायण एवं भागवत गीता सनातन धर्म में महत्वपूर्ण ग्रंथ है। जब भी व्यक्ति भटकता है या परेशान रहता है तो इन ग्रंथों में लिखी बातें जीवन में अपनाते जीही उसके दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। रामलीला का मंचन रंगमंच के कलाकार करते अवश्य हैं, लेकिन वास्तव में रामायण पढ़ना सुखद अनुभव रहता है। जब भी अत्याचार, अन्याय बढ़ते हैं तो पाप का नाश करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं।

व्यासपीठ की आरती आयोजक चेतना निम्बालकर, ओम निम्बालकर, आयुषी निम्बालकर हाईकोर्ट अभिभाषक सहित भक्तजन एवं समस्त निम्बालकर परिवार ने की। भागवत कथा 20 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5.30 बजे तक चलेगी। पूर्णाहुति के दिन भोजन प्रसादी (भण्डारा) का आयोजन होगा।

# ग्रीष्मकालीन मिनी गोल्फ शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




पद्मजा स्कूल के प्रांगण में स्थित मिनी गोल्फ कोर्ट में देवास जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन और पद्मजा स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय ग्रीष्म कालीन मिनी गोल्फ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिभागियों ने अनिल श्रीवास्तव एवं भरत वर्मा के मार्गदर्शन में इस नवीन खेल को सीखा। शिविर की समाप्ति पर 17 मई शुक्रवार को प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन के सचिव कौशल शिवहरे द्वारा की गई। अतिथिगणों में मध्यप्रदेश तीरंदाजी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष योगेश द्विवेदी, देवास जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वप्निल जैन ,सचिव अनिल श्रीवास्तव ,संयुक्त सचिव भरत वर्मा एवं विक्रम अवार्डी राष्ट्रीय खिलाडी रागिनी चौहान सम्मिलित रहे। पद्मजा स्कूल की प्राचार्या एवं एसोसिएशन की संरक्षक डॉ कोमल जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अपने अध्यक्षीय भाषण में जैन ने खिलाडियों को अपने खेल कौशल को निरंतर विकसित करने का सुझाव दिया। एसोसिएशन की संरक्षक डॉ कोमल जैन ने अपने उद्बोधन में खिलाडियों के लिए सब सुविधाएं सुलभ कराने की बात कही। शिवहरे ने खिलाडियों को इस खेल की बारीकियों से अवगत कराया एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में इंदौर से राष्ट्रीय खिलाडी आयुष चौधरी, अंश पाल एवं अनंत प्रजापति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। शिविर के प्रतिभागी प्रेम बिस्वास, नैतिक जैन, कनक जैन, कवलजीत सिंह, करुणा मालवीय अथर्व मलतारे, तनशी जैन, विशाल रजवानी, भविष्य नगर, कनक शर्मा, वैष्णवी विजयवर्गीय, जसप्रीत सिंह, पलक मालवीय, प्रथम मालवीय, श्रेयांश कुमावत, मन्नत कराड़िया, अदिति पवार, आभा बैरागी, तनिष्क अन्वेकर, अमित चौहान, गरिमा सोलंकी आदि उपस्थित रहे । शिविर में स्कूल के शिक्षक विकास देशमुख एवं शशिकांत नकसवाल का सहयोग उल्लेखनीय रहा। आभार अनिल श्रीवास्तव ने माना।

# एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रीरणवीर हनुमान जी का किया विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



श्री रणवीर हनुमान रामायण मंडल के अध्यक्ष अशोक जाट ने बताया कि श्री रणवीर हनुमानजी मंदिर रामरहीम नगर देवश्री ,विवेकनगर स्थित मंदिर पर श्री रामचरितमानस पाठ (सुन्दरकाण्ड पाठ) प्रति मंगलवार व शनिवार को प्रातः 8 से 9 बजे तक श्री रामभक्तों के द्वारा 18 मई 2023 से निरंतर करते हुए आज एक वर्ष पुर्ण होने पर बाबा श्रीरणवीर हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर महाआरती कर महाप्रसादी पोहा-जलेबी का भोग लगाकर भक्तो को वितरण किया। मंदिर मे छोटे-छोटे बच्चों के साथ वरिष्ठजनो की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दीपक सोनी, सतीष शर्मा, सत्यनारायण पटेल, सुनील पटेल, अनिकेत यादव, अभिषेक वर्मा, राहुल पटेल, सुखदेव राठौर, बद्रीलाल चौधरी, केदार पटेल, लीलाधर मंडलोई, महेन्द्रसिंह चावडा,मनोज यादव, स्वास्तिक टाँक, महेश केलवा, अर्जुन यादव, कैलाश पटेल, निलेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

### गुराडिया कला में आयोजित सात दिवसीय भागवत में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

# हर घर में प्रतिदिन गीता और रामायण पाठ होना चाहिएः नागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

व्यक्ति वहां नहीं होता जहां उसका तन होता है, व्यक्ति वहां होता है, जहां उसका मन होता है, इसलिए जब हम कथा सुनने के लिए पांडाल में बैठे हैं, तो तन के साथ मन को भी स्थिर कर कथा सुना चाहिए ,क्योंकि भागवत कथा ही व्यक्ति को भक्ति के मार्ग पर ले जाती है। हमेशा मन को स्थिर रखना चाहिए। तन को हमेशा चलता फिरता रखना चाहिए, क्योंकि तन चलता-फिरता रहेगा तो स्वस्थ रहेगा और मन को सत्संग में लगाकर स्थिर रखेंगे तो प्रभु की कृपा मिलेगी। उक्त विचार ग्राम गुराडिया कला स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान कथा के तीसरे दिन श्रोताओं को संबोधित करते हुए कथा वाचक प्रीति नगर द्वारा कही गई। नागर ने कहा कि बच्चों के बीच हमेशा माता-पिता को सत्संग की बातें करना चाहिए, जिससे बच्चे संस्कारी बने और उन्हें हिंदू धर्म के शास्त्रों के बारे में जानकारियां मिले, जिससे बच्चे हमेशा सही मार्ग पर चले। बच्चों को बचपन से ही हिंदू धर्म के बारे में बताना चाहिए, और यह तब साकार होगा जब हम घर-घर में गीता रामायण पाठ करेंगे। घर के बुजुर्गों को बच्चों को पास में बैठाकर गीता रामायण पाठ करना चाहिए, जिससे बच्चों के संस्कार पर अच्छा प्रभाव पड़ता हैं। जिन्हें हिंदू धर्म के बारे में सही जानकारी होगी,वह हमेशा धर्म के मार्ग पर चलेंगे, नागर ने कहा कि हमेशा बच्चों को मंदिर भेजना चाहिए, जिससे उनके मन में भी भक्ति के भाव पैदा हो, क्योंकि आज के समय में शहरी क्षेत्र के युवा व बच्चे इन सब चीजों से दूर होते जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों मे आज भी हिंदू धर्म को जीवित रखा गया है। सिर्फ जय श्री राम नाम के नारे लगाने से सब कुछ नहीं होता है। जय श्रीराम के साथ रामायण के बारे में भी युवाओं को सही जानकारियां होना आवश्यक है। आगे कहा कि व्यक्ति का जन्म उसके कर्म के आधार पर होता है, इसलिए यदि हमें अगला जन्म सुधारना है, तो भगवान का सच्चे मन से भजन करना चाहिए, क्योंकि भक्ति ही प्रभु के द्वार पहचाने का मार्ग है। शनिवार को कथा के तीसरे दिन की आरती मोहनलाल पाटीदार द्वारा की गई। कथा के साथ ही मां अन्नपूर्णा मंदिर में यज्ञाचार्य संजय शर्मा द्वारा शत चतचंण्डी महायज्ञ संपन्न कराया जा रहा है, जिसमें 9 जोड़े प्रतिदिन आहुति दे रहे हैं। शनिवार के दिन कथा स्थल पर शंकरलाल पाटीदार चद्दर वाले की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में गांव सहित आसपास के क्षेत्र से भी कथा सुनने के लिए श्रोतागण पहुंच रहे हैं।

# विधायक पवार ने जल संग्रहण जारूकता हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



वर्तमान परिस्थितियों में भविष्य को मद्दे नजर रखते हुए जो अभियान जल संग्रहण के लिये चलाया जा रहा है उसमें हम सबकी भागीदारी अति आवश्यक है क्योंकि जल है तो कल है। उपरोक्त विचार एक प्रेस नोट के माध्यम से विधायक गायत्री राजे पवार ने व्यक्त किए। उन्होंने इस संबंध में देवास कलेक्टर ऋषव गुप्ता को एक पत्र लिखकर शहर के जल स्त्रोत जिसमें विशेषकर कूंए, बावडी तथा तालाबों की गणना कर उनकी समुचित साफ सफाई के लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देशन देने के लिए कहा।

उन्होंने शहर के आम नागरिकों से भी इस संबंध में आग्रह किया है कि एक बहुत बड़ा मिशन पुरे देश में जल संग्रहण को लेकर चल रहा है क्योंकि भविष्य में पानी की किल्लत को लेकर कई प्रकार के शोध देश में चल रहे है और उसका सार यही आ रहा है कि भविष्य में पानी की समस्या एक विकराल रूप धारण कर सकती है।

यदि हम सब अभी से सचेत नहीं हुए तो हमें भी पानी के संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन को आगाह करते हुए सभी सामाजिक धार्मिक एवं अन्य संस्थाओं से भी आग्रह किया है कि जल संग्रहण की इस अभियान में जनजागृती अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करें।

## खबर संक्षेप

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा के विद्यार्थी रहे अव्वल




आष्टा। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा के विद्यार्थी रहे अव्वल के 12वीं के होनहार छात्र कुशाग्र धारवा ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम तथा मृदुल बड़जात्या ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोमवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल,आष्टा के कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले छात्र कुशाग्र धारवा ने कॉमर्स स्ट्रीम में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मृदुल बड़जात्या कॉमर्स स्ट्रीम में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में द्वतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विद्यालय सहित अपने जिले का नाम रोशन किया है। कुशाग्र आष्टा के पास मैना गांव के रहने वाले है उनके पिताजी श्री मुकेश धारवा सरकारी स्कूल में शिक्षक है। उनके पिता जी ने बताया है कि कुशाग्र बहुत मेहनती हैं, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग व अपनी लगन और मेहनत से उनने ये विशेष उपलब्धि प्राप्त की है। उनका सपना है की वह आगे की पढ़ाई करके भविष्य में चार्टेड अकाउंटेंट बनें। मृदुल आष्टा के रहने वाले हैं उनके पिताजी मुकेश बड़जात्या व्यापारी है उनका कहना है कि मृदुल भविष्य में एक सफल बिजनेस मैन बनेंगे। अच्छे अंक आने पर उनके परिवार के लोगों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक व संचालकगण ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने छात्र, शिक्षकों व पालकगण को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**सीहोर**। अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है।

### चद्दर, बकरी, मछली और अमर टॉकीज पुल की अब तक नहीं हुई मरम्मत

# 100 साल पुराने पुल के लिए नपा ने बनाया प्लान, राशि नहीं मिली, रेलिंग का भी अभाव

हालत यह है कि सालों पहले भी इन पर रेलिंग नहीं थी और आज भी कुछ पर नहीं है। बरसात के बाद नगर पालिका का अमला चद्दर पुल के मोहरे बंद करता है। पानी रोकते ही इसके ऊपर से पानी बहने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में कई पुल ऐसे हैं जो अंग्रेजों के समय के हैं। कई 100 साल पुराने हैं। इनकी हालत काफी खराब हो चुकी है लेकिन अभी तक इनकी जगह दूसरे नए पुल नहीं बन सके। हालांकि नगर पालिका ने इन पुलों की जगह नए पुल बनाने के लिए शासन को एक प्लान भी भेजा है, लेकिन इसे अभी तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

इन पुलों में चद्दर पुल, बकरी पुल, मछली पुल और अमर टॉकीज पुल प्रमुख हैं। इन पुलों की जगह न तो नए पुल बने और न ही इनकी मरम्मत हो सकी। हालत यह है कि सालों पहले भी इन पर रेलिंग नहीं थी और आज भी कुछ पर नहीं है। बरसात के बाद नगर पालिका का अमला चद्दर पुल के मोहरे बंद करता है। पानी रोकते ही इसके ऊपर से पानी बहने लगा है। यह पुल काफी पुराने हो चुके हैं। ऐसे में खतरा बना रहता है। यही नहीं कई पुलों में तो दरारें भी आ गई हैं जिनकी कई बार मरम्मत भी कराई जा चुकी है।

#### दो पुल से रोज निकलते हैं सैकड़ों वाहन

नगर में मछली पुल और पुराना बस स्टैंड के जो पुल हैं वह भी काफी पुराने हो चुके हैं। इनकी जगह दूसरे पुल बनाने का प्लान है। मछली पुल नाले पर बना हुआ है। यहां से हर रोज़ बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। सड़क की हालत खराब थी जिसे कुछ समय पहले ही बनाया था। पुल पुराना है और इसकी जगह नया पुल बनना जरूरी है। इसी तरह पुराना बस स्टैंड पर बना पुल भी नाले पर बना है। यह गंज क्षेत्र को जोड़ता है लेकिन यह भी सालों पुराना हो चुका है। बीच में कई बार इसकी मरम्मत जरूर हुई लेकिन इसके बाद से इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया।

#### करबला पुलः पानी बहने से हो जाती है फिसलन

करबला पुल पर पानी बहने के कारण फिसलन हो जाती है। जब भी दोपहिया या चार पहिया वाहन यहां से गुजरते हैं तो इनके नीचे गिरने का खतरा बना रहता है। इसका कारण यह है कि पुल के ऊपर पानी बहने से वाहन फिसल सकते हैं। यदि संतुलन खो दिया तो वाहनों का नीचे गिरना तय है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीहोर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने उन्हें एक 10 सूत्रीय मांग पत्र दिया था जिसमें इन पुलों का उल्लेख भी था।

#### बकरी पुलः सबसे कम ऊंचाई का पुल

बकरी पुल करीब सौ साल पुराना है। इस पुल की समस्या यह है कि यह सबसे कम ऊंचाई का पुल है। इसी के साथ थोड़ी सी बारिश में भी इस पुल से आवागमन थम जाता है। यह स्थिति हर साल बनती है।

### 420,406,409 के लंबित प्रकरण में फर्जी गवाह बनकर आए व्यक्ति को न्यायालय ने जेल भेजा

**आष्टा**। प्रसिद्ध पेंसिल उद्योग डालने के नाम पर अनेक लोगों से रुपए लेने के लंबित प्रकरण में फर्जी गवाह बनकर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री उमेश कुमार पटेल के न्यायालय में गवाही के दौरान घबराने एवं हस्ताक्षर के दौरान भी हाथ कांप रहे थे। आरोपी के वकील श्री भूपेश जामलिया ने पेंसिल उद्योग के अनुबंध में फोटो मिलान किया तो गवाह फर्जी निकला। उसने न्यायालय को बताया कि गवाह दुबाई में है,उसी के कहने पर फर्जी गवाह बनकर गवाही देने आया हूं।श्री जामलिया ने विद्वान न्यायाधीश श्री पटेल को अवगत कराते हुए लिखित में आवेदन पत्र दिया। न्यायाधीश श्री पटेल ने फर्जी गवाही देने वाले आरोपी को जेल की हवा खिलाई। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्री उमेश कुमार पटेल के न्यायालय में लंबित सत्र प्रकरण में फर्जी गवाह बनकर बयान देने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व में प्रसिद्ध पेंसिल उद्योग डालने के नाम पर कई लोगों से रुपए लेने के प्रकरण में मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इस मामले में सत्र प्रकरण में अभियोजन साक्षी कृष्ण मुरारी पिता धनसिंह परमार निवासी बलसावर थाना सुंदरसी जिला शाजापुर के स्थान पर फर्जी गवाह बनकर उसका परिचित जयप्रकाश परमार पिता इंदरसिंह निवासी बेदारनगर शाजापुर आया और उसने बाकायदा न्यायालय में कृष्ण मुरारी अपने आपको बताकर अभियोजन पक्ष की ओर से बयान भी दे दिया और बयान सीट पर हस्ताक्षर भी कर दिए। जानकारी मिलने तक मामला पुलिस को सुपुर्द कर दिया है और फर्जी गवाह बनकर आए जयप्रकाश परमार को पुलिस के हवाले कर जेल वारंट न्यायाधीश एम एन एच रजवी ने देकर फर्जी गवाही देने वाले जयप्रकाश परमार आरोपी को जेल भेजा।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 26 निर्धारित

**सीहोर**। प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, 2024 से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मंडी परिसर में अव्यवस्था, सुरक्षा गार्ड व मंडी कर्मचारी के होने के बावजूद आवक गेट पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की कृषि उपज मंडी अपनी कारगुजारियों के कारण लगातार सुर्खियों में बनी रहती है। इसके बावजूद भी यहां पर किसी तरह का सुधार करने में मंडी प्रबंधन जागरूक नहीं है। यही वजह है कि मंडी परिसर में भी अब व्यवस्था देखने को मिल रही है। सीजन में जहां कन्नौद रोड से लेकर आसपास की कॉलोनी में वाहनों के खड़े होने से आमजन परेशान हो रहे थे। वहीं अब आवक में कमी होने के बावजूद भी मंडी इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे पर किसानों को उपज के वाहन ले जाने में जाम की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। जबकि यहां पर मंडी कर्मचारियों के अलावा सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहते हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं आ रहा है। गुरुवार को नगर की कृषि उपज मंडी के आवक गेट पर दोपहर तक अव्यवस्था बनी रही। मंडी परिसर के अंदर होने के बावजूद भी सुरक्षा गार्ड वाहनों को तरतीब से नहीं लगवा पा रहे थे। जिसकी वजह से किसानों को तोल कांटे पर वाहनों को खड़े करने में काफी परेशानी आ रही थी। वहीं नीलामी कार्यक्रम के दौरान ही व्यापारी ट्रकों को लोड भी करते हैं। इससे परिसर में जाम की समस्या से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक तरफ उपज बेचने के बाद किसान वापसी के लिए जाते हैं तो वहीं दूसरी तरफ व्यापारियों का माल भी लोड होने के लिए ट्रकों का आवागमन शुरू हो जाता है। इस वजह से मंडी परिसर के दोनों गेटों पर जाम की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ता है क्योंकि मंडी परिषद के अधिकांश हिस्से में व्यापारियों की उपज सड़क पर ही फैली रहती है। जिससे वहां पर आवागमन नहीं हो पाता है। इसलिए एक दो रास्ते से ही किसानों व व्यापारियों के वाहन निकल पाते हैं। ड्रेस कोड में नहीं रहते मंडी कर्मचारी मंडी परिसर में तैनात रहने वाले मंडी निरीक्षण से लेकर अन्य कर्मचारी बिना ड्रेस के ही रहते हैं। यह कर्मचारी उसी समय ड्रेस कोड में दिखाई देते हैं जब मंडी बोर्ड के अधिकारी या प्रशासक द्वारा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे में किसानों को यदि किसी तरह की परेशानी आती है तो वह पहचान नहीं पाते की कौन मंडी कर्मचारी है। जिससे दुविधा होती है। आसानी से उपज लेकर नहीं पहुंच पाते इस समय मंडी परिसर में सड़क तक व्यापारियों ने अपनी उपज को रखा हुआ है। इस कारण से वाहनों को निकलने में दिक्कत आती है।

### आष्टा विधायक पहुंचे ग्वालियर, माधवी राजे सिंधिया के दुःखद निधन पर किया शोक व्यक्त



**आष्टा** । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूज्य माता माधवी राजे सिंधिया के दुःखद निधन पर ग्वालियर पहुंच कर शोक व्यक्त करते हुए आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिको की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीहोर जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया के निधन की सूचना प्राप्त होने के बाद आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ग्वालियर पहुचे एवं रानी महल में पहुच कर पुष्पांजलि अर्पित कर,शाम को उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। आष्टा विधायक ने शोक जताते हुए कहा की यह घटना हम सब के लिए हृदय विदारक है। मां जीवन का आधार होती हैं, उनका निधन हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## आए दिन हो रही बसें खराब, यात्री परेशानः इंदौर चार्टर्ड बस सेवा एक बार फिर से लड़खड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा से इंदौर चार्टर्ड बस सेवा एक बार फिर से लड़खड़ा गई है आए दिन इंदौर से आष्टा और आष्टा से इंदौर यात्री बसें खराब हो रही हैं, जिससे सफर करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। चार्टर्ड बस कंपनी ने अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

बता दे की चार्टर्ड बस कंपनी ने इंदौर से आष्टा और आष्टा से इंदौर के बीच यात्री बसें चलाई हैं लेकिन यही बस सेवाएं यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। आए दिन रास्ते में बसे खराब हो रही है। शुक्रवार को भी आष्टा से इंदौर 9:30 बजे जाने वाली चार्टर्ड बस चार्टर्ड बस ऑफिस के सामने ही खराब हो गई।

लोगों ने पहले से ही ऑनलाइन बुकिंग की हुई थी और जब बस के पास पहुंचे तो बताया गया कि बस खराब है। इसलिए बस नहीं जाएगी, आपको किसी और बस से सफर करना पड़ेगा यह सुनकर इंदौर जाने वाले बस यात्री यात्रियों में अच्छा खासा गुस्सा देखा गया।

यह कोई एक बार नहीं आए दिन चार्टर्ड बस खराब हो रही है लेकिन अभी तक चार्टर्ड कंपनी ने इंदौर से आष्टा चल रही खटारा बसों की ओर ध्यान नहीं दिया है। यात्रियों और आष्टा के नागरिकों ने चार्टर्ड बस कंपनी से नई बसें चलाने की मांग की है।

#### हर कहीं खराब हो रही यात्री बस

आष्टा से इंदौर के बीच चलने वाली चार्टर्ड बस अब लोगों की परेशानी का कारण भी बन रही है। जिन्हें जरूरी, अति आवश्यक काम से अपने निर्धारित समय पर जाना होता है। उनके लिए चार्टर्ड बस परेशानी के कारण बन गई है।

आए दिन चार्टर्ड बस कभी आष्टा में कभी इंदौर में तो कभी रास्ते में खराब हो रही है ,आश्चर्य की बात है कि यात्रियों द्वारा कई बार चार्टर्ड बस कंपनी पर शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे यात्रियों में गुस्सा दिखाई दे रहा है।

**धीरे-धीरे अधिकांश यात्री बसें बंद :** इंदौर से आष्टा चार्टर्ड बस सेवा शुरुआत में सुबह से शाम तक चलती थी लेकिन धीरे-धीरे भोपाल आष्टा, भोपाल कन्नौद, शुजालपुर इंदौर ,इंदौर से आष्टा सहित अधिकांश बसें बंद कर दी। अब चुनिंदा समय पर भी ही



इंदौर से आष्टा के बीच बसे चल रही है और वहां भी कब खराब हो जाए कहां नहीं जा सकता।

#### परेशानी का कारण बनी चार्टर्ड बस सेवा

आष्टा से इंदौर जाने वाले यात्री विजय वीरेंद्र सिंह ठाकुर, अखिलेश धनगर, वोआईटी कॉलेज के छात्रों ने बताया है कि पहले चार्टर्ड बस सेवा सबसे अच्छी थी लेकिन 2 वर्षों से अधिकांश बसें बंद हो गई और जो चल रही हैं वह खटारा हालत में हैं।

चार्टर्ड कंपनी को कई बार हमने और आष्टा के नागरिकों ने शिकायत दर्ज कर दी लेकिन अभी तक बसों को नहीं बदला गया। आए दिन रास्ते में खराब हो रही हैं। शुक्रवार को भी हमने इंदौर जाने के लिए 9:30 बजे में वाली बस में जाना था। लेकिन वह चार्टर्ड ऑफिस के सामने ही खराब हो गई। यह जरूर है कि इंदौर के चार्टर्ड ऑफिस में लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है अब देखना यह है कि कंपनी समस्या की ओर ध्यान देती है या फिर यूं ही खटारा बसें चलती रहेगी और लोग परेशान होते रहेंगे।

#### बसों का मेंटेनेंस कराया जा रहा है

इंदौर चार्टर्ड हेडऑफिस कंपनी के डीएम सोलंकी ने बताया है कि गाड़ियों का मेंटेनेंस कार्य चल रहा है और जल्दी ही इस मार्ग पर नई बसें भी चलाई जाएगी। पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि यात्रियों को परेशानी ना हो।

### खाद्य सुरक्षा के तहत आरोपित बकाया अर्थदंड वसूली के निर्देश

# भू-अर्जन की कार्रवाई में तेजी लाएं, ताकि परियोजनाएं समय पर प्रारंभ हो सकेंः कलेक्टर प्रवीण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अनुभागवार तथा तहसीलवार सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों के राजस्व संबंधी काम समय पर किए जाएं और उनकी शिकायतों का जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों के मामले में निर्धारित समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा संबंधी प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा प्रकरणों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार उनका निराकरण किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की शिकायतों के निराकरण का बेहतर माध्यम है। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें, ताकि आमजन को राहत प्रदान की जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम राधेश्याम बघेल, जमील खान, तन्मय वर्मा, स्वाती मिश्रा सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

**इन परियोजनाओं के भू-अर्जन की हुई समीक्षा :** रामगंज मंडी -भोपाल नई बी.जी. रेल लाइन परियोजना के 09 ग्रामों के मूल भू-अर्जन प्रकरण में 342 कृषकों में से केवल 12 कृषकों की मुआवजा राशि का भुगतान शेष है। इसी परियोजना के 9 ग्रामों के पूरक भूअर्जन प्रकरण अवार्ड अनुमोदित होकर, 306 कृषकों में से मात्र 12 कृषकों की मुआवजा राशि का भुगतान शेष है। इसी प्रकार कन्याखेड़ी सिंचाई परियोजना के 351 किसानों में से केवल 10 किसानों का भुगतान किया जाना है। गुराड़िया जलाशय, सीप अम्बर परियोजना, पनिया जलाशय निर्माण परियोजना, महादेव बेन्द्रा जलाशय निर्माण , बुधनी इंदौर रेल लाइन परिजयोजना सहित अनेक परिजनाओं के लिए भू-अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि के भुगतान की समीक्षा की गई।

#### 4392 नामान्तरण, 812 बंटवारा तथा सीमांकन के 459 प्रकरणों का निराकरण

बैठक में जानकारी दी गई कि जिलेभर में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत जिले में नामांतरण के 4447 दर्ज प्रकरणों मे 4392 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। बंटवारा के 879 में 812 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकारण सीमांकन के 474 में 459 प्रकरणों का निराकरण किया गया है, अभिलेख दुरुस्ती के 520 प्रकरणों में से 519 निराकृत किये गए हैं।

**09 लाख से अधिक बकाया अर्थदंड वसूली के निर्देश:**कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अरोपित बकाया अर्थदंड वसूली के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीहोर में 02 लाख 04 हजार, श्यामपुर में 15 हजार, आष्टा में 03 लाख 72 हजार 500, जावर में 31 हजार, इछावर में 63 हजार, भैरूंदा में एक लाख 58 हजार तथा रेहटी में 80 हजार रूपए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आरोपित बकाया अर्थदंड वसूली के निर्देश दिए हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर टिगरिया बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया



**जावर**। सरस्वती शिशु मंदिर टिगरिया बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया कक्षा पंचम समर ठाकुर 85 प्रतिशत, श्रद्धा ठाकुर कक्षा अष्टम 91 प्रतिशत, दिशा ठाकुर कक्षा दशम 90 प्रतिशत, मुस्कान ठाकुर 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम एवं क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। इन सभी भैया-बहिनों को ग्राम भारतीय शिक्षा समिति जिला सीहोर के सम्मानित अध्यक्ष अनार सिंह राठौर एवं समिति सदस्य राम सिंह मुकाती, प्राचार्य विजेन्द्र सिंह सैन्धव ,संयोजक दशरथ सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा हार पहना कर मिठाई खिलाकर सभी का सम्मान किया। कार्यक्रम सभी भैया-बहनों के परिवार जन भी उपस्थित रहे।

### ग्राम वासियों ने जनपद पहुंचकर कलेक्टर सीहोर को दिया धन्यवाद



**आष्टा**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस 13 मई को जनपद आष्टा की ग्राम पंचायत अरनिया जौहरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवली के ग्रामवासियों ने मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की गयी थी। मतदान दिनांक को कलेक्टर सीहोर प्रवीण सिंह द्वारा सीईओ जनपद आष्टा अमित व्यास को ग्राम देवली ग्रामवासियों की समस्याओं के निवारण हेतु भेजा था । ग्रामवासियों की प्रमूख समस्या पिछले कई वर्षों से समग्र पोर्टल पर ग्राम देवली की मैपिंग नही होने के कारण ग्रामवासी कई प्रकार की शासकीय योजनाओ के लाभ से वंचित थे । मतदान दिवस के दो दिन बाद ही कलेक्टर जिला सीहोर प्रवीण सिंह के प्रयास से उक्त समस्या का समाधाम भोपाल स्तर होने के कारण ग्रामवासिंयो मे खुशी की लहर व्याप्त हो गयी है । उन्होने जनपद आष्टा आकर सीईओ अमित व्यास के माध्यम से कलेक्टर प्रवीण सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है । जनपद सीईओ ने भी दूरभाष पर ग्राम वासियों की बात कलेक्टर सीहोर से करायी और ग्राम वासियों ने उन्हे धन्यवाद देकर ग्राम आने के लिए आमंत्रित किया।

### फर्जी दस्तावेजों और जालसाजी से पीएम आवास पर ही कर लिया कब्जा

# 1 साल से अपने ही मकान को पाने भटक रहा आत्माराम का परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम मूड़ला बजरंग के जमीनी विवाद ने तूल पकड़ लिया है। लगभग 6 महीने पहले की गई शशिभूषण के खिलाफ एफआईआर पर अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है, जिस कारण मूड़ला बजरंग निवासी आत्माराम गुर्जर और उनका परिवार आज धरना देने पर मजबूर हो गया। आत्माराम का कहना है कि उसके मकान पर शशिभूषण पेशे से वकील द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसकी जांच रिपोर्ट जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ द्वारा दी जा चुकी हैं। वहीं फोरेंसिक जांच में भी शशिभूषण लिप्त पाए गए। आत्माराम गुर्जर का कहना है कि उनका परिवार मजदूरी कर पेट भरता है। शशिभूषण ने उनका घर छीन लिया अब उनके रहने का आसरा भी उनसे छिन गया है। उन्होंने बताया की पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा उनको डराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिकायत करने जब वे जाते हैं तो उन्हें धमका कर भगा देते हैं कहते हैं की तुझ पर केस कर देंगे। यह सब आत्माराम गुर्जर से बातचीत के दौरान पता चला है। वहीं 6 महीने तक एफआईआर होने के बावजूद कार्यवाही न होना प्रशासन की सुस्ती जाहिर कर रहा है। ऐसे में एएसपी के संज्ञान लेने के बाद कब तक कार्यवाही होगी इसका इंतजार आत्माराम गुर्जर और उसके परिवार को है।


### एएसपी ने आश्वासन देकर कहा जल्द होगा निराकरण



### आत्माराम के फर्जी हस्ताक्षर करने में भी दोषी पाए गए हैं शशिभूषण

अगर शशिभूषण की कारगुजारियों पर ध्यान दिया जाए तो समझ आएगा की वह अपना काम करवाने के लिए फर्जी तरीकों का भी उपयोग बिना किसी कानूनी डर के कर सकते हैं। ऐसा ही एक मामला 29 जून 22 में सामने आया था जब 50 रुपए के शपथ पत्र पर आत्माराम के हस्ताक्षर का आवेदन विद्युत कनेक्शन नामांतरित करने के लिए गादिया सब स्टेशन पर दिया गया था। जब हस्तलिपि विशेषज्ञों के द्वारा इसकी जांच की गई तो पुलिस मुख्यालय भोपाल से जो जांच रिपोर्ट आई उसमें शशिभूषण दोषी पाए गए। शशिभूषण द्वारा कूटरचित फर्जी दस्तावेज मप्रक्षेविवि सब स्टेशन गादिया को प्रस्तुत शपथ पत्र धोखाधड़ी कर तीनों विद्युत कनेक्शन को अपने नाम नामांतरित कराया और सदोष लाभ प्राप्त किया है। जिसके चलते शशिभूषण के विरूद्ध अपराध धारा 420, 467, 468, 471, 447, 448 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और विवेचना के लिया गया।

### पीएम आवास पर कब्जा किए जाने के लिए 12 अप्रैल का दिया था आवेदन



फरियादी पक्ष ने थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ को एक शिकायती आवेदन देते हुए अपना पक्ष रखा था। जिसमें बताया गया था की प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत आत्माराम को शासन की जियों टेक से लेकर तीनों किश्ते टाइम पर मिली। जब आवास पूर्ण हो गया तो शशिभषण ने प्रधानमंत्री आवाास पर ताला लगाकर आवास पर कब्जा कर लिया। जिसकी शिकायत 12 अप्रैल 23 को फरियादी द्वारा थाने जाकर की गई थी।

### राजगढ़ में जन जागरूकता संकल्प अभियान आयोजित

# 'समुदाय से जुड़ें, डेंगू पर नियंत्रण करें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर जन-जन तक वाहक जनित बीमारी नियंत्रण अंतर्गत ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को डेंगू जैसे रोगों के नियंत्रण के लिए जागरूक करना है। 'समुदाय से जुड़ें, डेंगू पर नियंत्रण करें' इस वर्ष की थीम है। एडीज मच्छर जो कि दिन के समय काटता है, साफ पानी में पनपता है एवं डेंगू रोग डेन वाईरस के माध्यम से फैलाता है। जिला शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, शहरी क्षेत्र की समस्त नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग के समस्तप उप स्वास्थ्य केन्द्रा, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग आदि समन्वय के साथ सहयोग कर डेंगू रोग नियंत्रण में सहयोग करेंगे।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डीपी पटैल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस परडेंगू से नियंत्रण एवं बचाव के लिए अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाये रखें। आस-पास की नालियों में गंदा पानी जमा न होने दें। डेंगू के मच्छरसाफ-पानी में पैदा होते हैं, घड़े, टंकीएवं कूलर को ढककर रखें। टायरों में पानी जमा न होने दें। सोते समयमच्छरदानी का प्रयोग करें। पूर्ण बांह के वस्त्र पहने। डेंगू की जाँच व उपचार जिला चिकित्सालय में पूर्णतःनिरूशुल्क उपलब्ध है। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में सेल्फी पाइन्ट लगाया गया, प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण भी किया गया। लोगों को मच्छरदानी लगाने की एवं मच्छर और लार्वा विनिष्टीकरण के लिए समझाईश भी दी गई। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आमजन को डेंगू नियंत्रण के लिए संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्या चिकित्सो एवं स्वा। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीया, डॉ. एलपी भकौरिया, डॉ. नितिन पटैल, डॉ. आरके अहिरवार, डॉ. सुनील चौरसिया,डॉ. एनके भिलवारे,डॉ. एमके मित्तल, सुनील वर्मा एवं समस्ता स्वाथस्ये अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेंटिंग सेल्फ डिफेंस सहित कई गुरों में निखरेंगे प्रशिक्षणार्थी

# ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶इकलेरा

स्थानीय शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इकलेरा में मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन चल रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं को उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अलग-अलग विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें पेंटिंग डांस सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय में शिविर का आयोजन पूरे एक महा के लिए किया जाएगा। विद्यालय संकुलप इकलेरा प्राचार्य प्रियंका बिझानी ने छात्र-छात्राओं को शिविर में आने के लिए उत्साहित कर शिविर का शुभारंभ किया शिविर में महेश मंडोलिया एवं अंकित मंडल के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण करवाया जा रहा है।

### तहसीलदार, सीएमओ सहित पुलिस व नप स्टाफ रहा मौजूद


# शहर में नालियों के बाहर का अतिक्रमण हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

मुनादी उपरांत स्वेच्छा से नाली के बाहरी अतिक्रमण को दुकानदारों द्वारा नहीं हटाया गया तो नगर परिषद द्वारा एक टीम गठित कर अतिक्रमण मुहिम के नाम पर कराई मुनादी उपरांत अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू करते हुए नगर के इंदर चौराहा से माचलपुर नाका, खिलचीपुर नाका, जवाहर चौक, आवास कॉलोनी रोड़ इंदर चौराहे के समीप का नालियों के बाहर का अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ मुहिम में तहसीलदार आरपी सिंह, सीएमओ एमके खान, थाना प्रभारी रामकुमार भगत, नोडल अधिकारी उप यंत्री ब्रजेश उपाध्याय, देवनारायण दांगी, राजस्व निरीक्षक रमेश मालवीय, सहायक राजस्व निरीक्षक ओंकार सिंह मंडलोई, स्वच्छता पर्यवेक्षक आजाद झावा,विद्युत प्रभारी मोहन झावा, महेश झावा, रामप्रसाद झावा सहित नगर परिषद, राजस्व, पुलिस बल, सफाई कर्मचारी ने मुहिम के तहत जैसीब से बाहरी अतिक्रमण हटाया। सीएमओ एमके खान का कहना कल शेष अतिक्रमण ओर हटाया जाएगा तथा एक बार ओर मुनादी करवा कर आवास कॉलोनी रोड़ छापीहेड़ा नाका से साइड का अतिक्रमण भी हटाया जाएगा।

# ट्रेन से कटने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

आए दिन नवयुवक आत्महत्या करने जैसा कदम उठा रहे हैं। कोई पानी में डूबकर तो कोई जहरीला पदार्थ खाकर तो कोई रेल के सामने कूदकर आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। आखिर आसमय काल के गाल में समाती हुई युवा जिंदगी पर ऐसी कौन सी नौबत आ रही है जिसे शासन प्रशासन परिवार मित्र नही समझ पा रहे या उन्हें मजबूर किया जा रहा है। गत दिवस समीप गोपालपुरा में भी एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर काल के गाल में समा गया। वहीं शुक्रवार को समीप ग्राम चौकी हिदायतपुर निवासी दीपक पिता भगवान सिंह ठाकुर की अगर रोड पर रेल से कटकर मौत हो गई। युवक ने आत्महत्या की या रेल की चपेट में आया यह तो जांच का विषय है। किंतु ऐसी मौत से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त कर शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

# भारी वाहन कंटेनर से दुर्घटना पर कटा महिला का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



शुक्रवार को दोपहर है 4:30 के करीब शांति बाई पति धुलजी का सीधा हाथ भोपाल से दिल्ली की ओर जा रहे हैं कंटेनर क्रमांक एचआर 55, एजी 7557 से नेशनल हाईवे पर स्थित महाकाल रेस्टोरेंट के पास मोटरसाइकिल पर बैठी शांति बाई के सीधे हाथ से टकरा गया और शांति भाई का सीधा हाथ अलग होकर डिवाइडर पर गिर पड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांतिबाई अपनी लड़की कमलाबाई पिता मोहन धोबी, एवं अपने जमाई मोहन पिता गंगाराम धोबी निवासी ग्राम टिटवास शुजालपुर थाना के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर तीनों लोग सवार होकर भोपाल जा रहे थे। रास्ते में महाकाल रेस्टोरेंट पर चाय पीने के लिए मुड़े तभी पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिसमें शांति बाई का हाथ टूट गया और बेटी कमलाबाई को चोट आई हैं। दोनों महिलाओं को भोपाल रेफर कर दिया पुलिस ने कंटेनर एवं उसके चालक को गिरफ्तार कर मुकदमा कायम कर जांच में लिया है।

### अजय पुरी ब्रह्मलीन, हनुमान मंदिर परिसर में दी समाधि

सारंगपुर। समीप ग्राम धनोरा नेशनल हाइवे स्थित सिद्ध वीर हनुमान मंदिर पर



साधु के रूप में सेवा दे रहे अजय पुरी का आकस्मिक निधन अपने निजी निवास सारंगपुर में हो गया। सूचना मिलने पर धनोरा के पटेल रूप सिंह समिति अध्यक्ष सरपंच तेजसिंह अपने साथ अजय पूरी के पार्थिव शरीर को साधु संतो की उपस्थिति में उनका डोल सजाकर उन्हें अंतिम विदाई दी तथा उनके गुरु के समाधि के समीप ही उन्हें समाधि दी गई। इस दौरान साधु संत सहित ग्रामीण वा उनके अनुयाई मौजूद थे।

### भेट द्वारका के लिए दो दर्जन यात्रियों को किया रवाना

# श्री श्याम मित्र मंडल ग्रामीणों को निशुल्क करा रहा तीर्थ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

वैसे तो तीर्थ यात्राओं पर जाना अपने आप में एक पुण्य का कार्य है, लेकिन किसी को निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाना उससे भी बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे पुण्य कमाने का कार्य क्षेत्र के श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मित्र मंडल द्वारा अभी तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर अपने व्यय से यात्रा करवाई जा रही है।



शुक्रवार को भी श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 24 लोगों को गुजरात प्रांत के सोमनाथ, नागेश्वर धाम, जूनागढ़ सहित भेट द्वारका आदि तीर्थ स्थलों पर दो वाहन से रवाना किया गया। सभी यात्री शहर के अंजनीलाल मंदिर धाम पर एकत्रित हुए और भगवान की पूजा अर्चना कर रवाना हुए। मंडल के संयोजक मनोज चैहान ग्राम भगोरा ने बताया श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा तीर्थ यात्रा करने में आर्थिक या अन्य रूप से असमर्थ श्रद्धालुओं को अपने खर्च से तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक मंडल द्वारा 1000 से अधिक श्रद्धालुओं को चार धाम सहित देश के सभी तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए गए है। शुक्रवार को तीर्थ यात्रियों को रवाना करने के दौरान सचिव गोकुल बाई ग्राम चमारी, ममता वर्मा खुरी, फूलवती बाई चाठा सहित सदस्यगण मौजूद रहै।

# महिला स्वाधार गृह राजगढ़ में निवासरत महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के लिए संचालित की गईं विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जिनमें न्यायिक अधिकारियों सहित शासन के समन्वित विभागों के अधिकारियों द्वारा भी सहभागिता की जाती है।



इसी क्रम में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ द्वारा निराश्रित ऐसी महिलाएं जोकि पारिवारिक अथवा अन्य किसी प्रकार के विवादों से पीड़ित हैं, जिन्हें परिवार ने त्याग दिया है अथवा परिवार का त्याग कर स्वेच्छा से पृथक रह रहीं हैं, और अपने अधिकारों का प्राप्त करना चाहतीं हैं। ऐसी महिलाओं के आश्रय के लिए राजगढ़ नगर में संचालित गोपाल महिला स्वाधार गृह में जिला न्यायालय राजगढ़ की मुख्य न्यायिक मजि. शबनम कदीर मंसूरी के मुख्य आतिथ्य में पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता आदि विषयों पर कानूनी जागरूकता प्रदान की गई। साथ ही स्वाधार गृह में निवासरत महिलाओं द्वारा उनकी समस्याओं के बारे में अवगत कराये जाने पर मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें विधिक सलाह प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वाधार गृह में निवासरत महिलाओं के अतिरिक्त अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### परिस्थितियों के अनुरूप और बच्चों की रूची अनुसार शिक्षा पर दिया जाएगा जोर

# जिले के शिक्षकों व प्राचार्यों को दिया जाएगा दक्षता प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले के सभी शिक्षकों एवं प्राचार्यों को एक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर हर्ष दीक्षित की पहल पर यह कार्य संपन्न होगा। जिसमें जिले की परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा के प्रति बच्चों में रूची उत्पन्न करने एवं आवश्यक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अध्ययपन के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास हो सके ऐसा प्रयास किया जाएगा। इस माड्यूल के तैयार होने के बाद 15 मई को जिला पंचायत के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा कर निर्धारण किया गया कि 10 प्रकार के विषय वस्तु पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी।



इन विषयों को विकासखंड के प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर एवं पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा पूरा किया जाएगा। जिले की प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी स्कूलों में बच्चों की शालाओं में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं उनके शैक्षणिक स्तर में बढ़ोत्तरी करने में यह दक्षता प्रशिक्षण अहम भूमिका निभाएगा। जिले के सभी शिक्षकों एवं प्राचार्य को अलग-अलग समय में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं मिशन संचालक हर्ष दीक्षित एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी द्वारा इस कार्य में रूची लेकर सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, एडीपीसी, आरएमएसए, एपीसी, बीईओ, बीआरसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्देशित किया गया है कि विकासखंड स्तर पर उपलब्ध पूर्व प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर की एक बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण दिए जाने की पूर्व तैयारी हेतु प्रशिक्षण माड्यूल तैयार कर लिया जाए।

### इन 10 विषयों पर होगा प्रशिक्षण

जिले के शिक्षकों एवं प्राचार्यों के दक्षता प्रशिक्षण में इन 10 विषयों को शामिल किया गया है। इनमें सबसे पहले प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों का उन्मुखीकरण, मॉड्यूल टीएलएम निर्माण, अल्पविराम माड्यूल, शिक्षक स्व-प्रेरणा एवं विकास मॉड्यूल, शिक्षक एवं छात्र सक्रिय भागीदारी मॉड्यूल, आईसीटी उपकरण मॉड्यूल, स्कूल आधारित गतिविधियां, प्रभावी नोट्स तैयार करना, भाषा लेब एवं विभागीय जानकारी मॉड्यूल और अंत में सभी शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रशिक्षण शेड्यूल निर्धारित कर दिया जाएगा।